भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †2079
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**कृषि पर्यटन**

**†2079. डॉ. के. सुधाकर:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास चिक्कबल्लापुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन्हीं प्रमुख पर्यटन परियोजनाओं सम्बन्धी आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास देश में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने की योजनाएं हैं और यदि हां, तो इस संबंध में उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या कार्यवाई की गई है;

(ग) क्या चिक्कबल्लापुर को कृषि पर्यटन क्लस्टर बनाने पर विचार किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो कर्नाटक राज्य के लिए सरकार की नई परियोजनाओं का पूर्ण ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देशभर में सतत् पर्यटन मॉडल विकसित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है ताकि पर्यटन स्थल स्वच्छ और पर्यटक अनुकूल रहें?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से देश में अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत ग्रामीण परिपथ थीम और इको पर्यटन परिपथ थीम सहित चिह्नित थीम आधारित परिपथों के अंतर्गत 5287.90 करोड़ रु. की 76 परियोजनाएं और तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' योजना के तहत 1621.40 करोड़ रु. की 46 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है, जिसका ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने पर्यटन-केंद्रित दृष्टिकोण का अनुपालन करते हुए स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन गंतव्यों के विकास के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को अब स्वदेश दर्शन 2.0

(एसडी 2.0) का नया रूप दिया है, और यह योजना पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक-सांस्कृतिक स्थिरता एवं आर्थिक स्थिरता सहित स्थायी पर्यटन के सिद्धांतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है । राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श और योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप, मंत्रालय ने तदनुसार एसडी 2.0 के तहत विकास के लिए देश में 57 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिसमें कर्नाटक के 'हम्पी' और 'मैसूरु' शामिल हैं और इन गंतव्यों पर निम्न परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है:

| **गंतव्य** | **हस्तक्षेपों के नाम** | **लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|
| हम्पी | 'ट्रैवलर नुक्कड़' की स्थापना | 26.30 |
| मैसूरु | टोंगा सवारी विरासत अनुभव क्षेत्र | 4.12 |
| मैसूरु | "पारिस्थितिक अनुभव क्षेत्र" | 18.36 |

इसके अलावा, पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत ''चुनौती आधारित गंतव्य विकास'' (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के लिए दिशानिर्देश भी जारी किए हैं, जिसके तहत पर्यटन मंत्रालय ने कर्नाटक राज्य में संस्कृति एवं विरासत के तहत 'बीदर' और इको पर्यटन एवं अमृतधरोहर स्थल श्रेणी में 'उडुपी' सहित 4 श्रेणियों में देश में विकास के लिए 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है ।

पर्यटन मंत्रालय ने अपनी 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत वर्ष 2023-24 में 45.71 करोड़ रु. की राशि से 'श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास' नामक एक परियोजना को मंजूरी दी है और कर्नाटक राज्य में 'श्री रेणुका यल्लम्मा मंदिर' और 'पापनाश मंदिर' को चिह्नित किया है ।

भारत में 'ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप, 'सतत पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति' और 'इको-पर्यटन के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति' तैयार की गई है एवं देश में सतत और इको-पर्यटन के विकास के लिए विभिन्न कार्यनीतिक पहलों के प्रचालन और कार्यान्वयन का मार्गदर्शन करने हेतु राज्य सरकारों के प्रतिनिधित्व सहित विभिन्न हितधारकों के साथ राष्ट्रीय सतत पर्यटन बोर्ड का गठन किया गया है।

मंत्रालय ने देश में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए निम्न सहित अनेक पहलें की हैं:-

(i) पर्यटन के विकास के लिए वाइब्रेंट ग्राम श्रेणी में सीबीडीडी के तहत 5 गंतव्यों यथा किबिथो (अरुणाचल प्रदेश), राक्छम, चितकुल (हिमाचल प्रदेश), ज्ञानथांग गांव (सिक्किम), माना गांव (उत्तराखंड) और जादुंग (उत्तराखंड) का चयन किया गया है ।

(ii) भारत में ग्रामीण पर्यटन की संभावना को प्रदर्शित करने के लिए ग्रामीण पर्यटन ग्राम पोर्टल (www.rural.tourism.gov.in) विकसित किया गया है ।

(iii) पर्यटन मंत्रालय ने एक ऐसे गांव को सम्मानित करने के लिए सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता शुरू की है जो प्रसिद्ध सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपदा वाले पर्यटन गंतव्य का सर्वोत्तम उदाहरण हो, समुदाय आधारित मूल्यों, वस्तुओं और जीवन शैली का परिरक्षण और संवर्धन करता हो और जो स्थिरता के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता रखता हो ।

(iv) पर्यटन मंत्रालय संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) की सर्वोत्तम पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता में भाग लेता है ।

(v) ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए अभिज्ञात केन्द्रीय मंत्रालयों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों और उद्योग हितधारकों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक कार्यबल का भी गठन किया गया हैं ।

*****

**अनुबंध**

डॉ. के. सुधाकर द्वारा कृषि पर्यटन के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2079 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची निम्नानुसार है: -**

**(करोड़ रु. में)**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | तटीय परिपथ 2016-17 | लॉन्ग द्वीप-रॉस स्मिथ द्वीप - नील द्वीप- हैवलॉक द्वीप- बरटांग द्वीप-पोर्ट ब्लेयर का विकास | 27.57 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2014-15 | काकीनाडा - होप आइलैंड - कोरिंगा वन्यजीव अभयारण्य-पसारलापुडी - अडुरु - एस यनम - कोटिपल्ली का विकास | 67.83 |
| 3. | आंध्र प्रदेश | तटीय परिपथ 2015-16 | नेल्लोर - पुलिकट झील - उब्बलमडुगु जल प्रपात - नेलपट्टू - कोठाकोडुरु - मायपाडु - रामतीर्थम - इस्कापल्ली का विकास | 49.55 |
| 4. | आंध्र प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2017-18 | बौद्ध परिपथ: शालीहुंडम- बाविकोंडा-बोज्जनकोंडा-अमरावती- अनूपु का विकास | 35.24 |
| 5. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2014-15 | भालुकपोंग-बोमडिला और तवांग का विकास | 49.77 |
| 6. | अरुणाचल प्रदेश | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | नफरा - सेप्पा- पप्पू, पासा, पक्के घाटियाँ-संगदूपोटा- न्यू सागली- जीरो- योम्चा का विकास | 96.72 |
| 7. | असम | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | मानस - प्रोबितोरा- नामेरी- काजीरंगा- डिब्रू- सैखोवा का विकास | 94.68 |
| 8. | असम | विरासत परिपथ 2016-17 | तेजपुर-माजुली-शिवसागर का विकास | 90.98 |
| 9. | बिहार | तीर्थंकर परिपथ | वैशाली-आरा-मसद-पटना-राजगीर-पावापुरी- | 33.96 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | चंपापुरी का विकास | |
| 10. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | कांवड़िया मार्ग: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर का विकास | 44.76 |
| 11. | बिहार | बौद्ध परिपथ 2016-17 | बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण | 95.18 |
| 12. | बिहार | ग्रामीण परिपथ 2017-18 | भितिहरवा-चंद्रहिया-तुर्कौलिया का विकास | 44.27 |
| 13. | बिहार | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 |
| 14. | छत्तीसगढ़ | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जशपुर-कुनकुरी-मैनपत-कमलेशपुर-महेशपुर-कुर्दार-सरोधदादर-गंगरेल-कोंडागांव-नथियानवागांव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास | 96.10 |
| 15. | गोवा | तटीय परिपथ 2016-17 | सिंक्वेरिम-बागा, अंजुना-वागाटोर, मोरजिम-केरी, अगौडा किला और अगौड़ा जेल का विकास | 97.65 |
| 16. | गोवा | तटीय परिपथ 2017-18 | तटीय परिपथ II: रुआ डी ओरम क्रीक - डोना पाउला -कोलवा - बेनौलिम का विकास | 99.35 |
| 17. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | अहमदाबाद-राजकोट-पोरबंदर-बारडोली-दांडी का विकास | 59.17 |
| 18. | गुजरात | विरासत परिपथ 2016-17 | वडनगर-मोढेरा का विकास | 91.12 |
| 19. | गुजरात | बौद्ध परिपथ 2017-18 | जूनागढ़ - गिर सोमनाथ - भरूच - कच्छ-भावनगर - राजकोट - मेहसाणा का विकास | 26.68 |
| 20. | हरियाणा | कृष्ण परिपथ 2016-17 | कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास | 77.39 |
| 21. | हिमाचल | हिमालयन | हिमालयन परिपथ: कियारीघाट, शिमला, | 68.34 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रदेश | परिपथ 2016-17 | हाटकोटी, मनाली, कांगड़ा, धर्मशाला, बीड़, पालमपुर, चंबा का विकास | |
| 22. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-श्रीनगर-पहलगाम-भगवती नगर-अनंतनाग-सलामाबाद-उरी-कारगिल-लेह का विकास | 77.33 |
| 23. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | जम्मू-राजौरी-शोपियां-पुलवामा में पर्यटक सुविधाओं का विकास। | 81.60 |
| 24. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | पर्यटक सुविधाओं का विकास - पीएम विकास पैकेज के तहत 2014 में बाढ़ में नष्ट हुई परिसंपत्तियों के बदले परिसंपत्तियों का निर्माण | 90.43 |
| 25. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | मंतलाई और सुधमहादेव में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.99 |
| 26. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | अनंतनाग-पुलवामा-किश्तवाड़-पहलगाम-जस्कर पदुम-दक्सुम-रंजीत सागर बांध में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 86.39 |
| 27. | जम्मू और कश्मीर | हिमालयन परिपथ 2016-17 | गुलमर्ग-बारामूला-कुपवाड़ा-कारगिल - लेह में पर्यटक सुविधाओं का विकास | 91.84 |
| 28. | झारखंड | इको परिपथ 2018-19 | इको पर्यटन परिपथ: दलमा-बेतला राष्ट्रीय उद्यान - मिरचैया- नेतरहाट का विकास | 30.44 |
| 29. | केरल | इको परिपथ 2015-16 | पथनमतिट्टा-गवी-वागामोन-तेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 30. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 31. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्णामूला का विकास | 78.08 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 32. | केरल | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 33. | केरल | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरी श्री नारायण गुरु आश्रम-अरुवीपुरम-कुन्नुमपारा श्री सुब्रह्मनिया-चेम्बझंथी श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |
| 34. | मध्य प्रदेश | वन्यजीव परिपथ 2015-16 | पन्ना-मुकुंदपुर-संजय-दुबरी-बांधवगढ़-कान्हा-मुक्की-पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.10 |
| 35. | मध्य प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 |
| 36. | मध्य प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 37. | मध्य प्रदेश | इको परिपथ 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध-ओंकारेश्वर बांध-इंदिरा सागर बांध-तवा बांध-बरगी बांध-भेड़ा घाट-बाणसागर बांध-केन नदी का विकास | 93.76 |
| 38. | महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तरकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का विकास | 19.06 |
| 39. | महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-पारदसिंघा-तेलंखंडी-गिराड का विकास | 45.47 |
| 40. | मणिपुर | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | मणिपुर: इम्फाल-खोंगजोम में पर्यटक परिपथ का विकास | 72.23 |
| 41. | मणिपुर | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्री गोविंदजी मंदिर, श्री बिजॉय गोविंदजी मंदिर - श्री गोपीनाथ मंदिर - श्री बौंग्शिबोदोन मंदिर - श्री कैना मंदिर का विकास | 45.34 |
| 42. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ | उमियम (लेक व्यू), यू लुम सोहपेटबनेंग-मावदियांगडियांग - ऑर्किड लेक रिज़ॉर्ट का | 99.13 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | विकास | |
| 43. | मेघालय | उत्तर-पूर्वी परिपथ<br><br>2018-19 | पश्चिमी खासी हिल्स (नोंगखलॉ- क्रेमटिरोट - खुदोई और कोहमांग फॉल्स - क्री नदी- मावथाद्रैशन, शिलांग), जयंतिया हिल्स (क्रांग सूरी फॉल्स- शिरमंग- इयूक्सी), गारो हिल्स (नोकरेक रिजर्व, कट्टा बील, सिजू गुफाएं) का विकास | 84.97 |
| 44. | मिजोरम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | थेनजोल और दक्षिणी ज़ोटे, जिला सेरछिप और रेड्क का विकास। | 92.26 |
| 45. | मिजोरम | इको परिपथ 2016-17 | इको-एडवेंचर परिपथ आइजोल -रावपुइचिप - खवफाप - लेंगपुई - चटलांग- सकाव्रहमुइटुइतलांग - मुथी - बेराटलांग - तुइरियल एयरफील्ड - हमुइफांग का विकास | 66.37 |
| 46. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2015-16 | जनजातीय परिपथ पेरेन- कोहिमा- वोखा का विकास | 97.36 |
| 47. | नागालैंड | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मोकोकचुंग-तुएनसांग-मोन का विकास | 98.14 |
| 48. | ओडिशा | तटीय परिपथ 2016-17 | गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास | 70.82 |
| 49. | पुडुचेरी | तटीय परिपथ 2015-16 | दुबरायपेट- अरिकामेडु -वीरमपट्टिनम - चुन्नम्बर - नल्लवाडु/नरमबाई - मनापेट- कालापेट - पुडुचेरी - यनम का विकास | 58.44 |
| 50. | पुडुचेरी | विरासत परिपथ 2017-18 | फ्रेंको-तमिल गांव, कराईकल, माहे और यनम का विकास | 49.44 |
| 51. | पुडुचेरी | आध्यात्मिक परिपथ 2017-18 | पुडुचेरी में आध्यात्मिक परिपथ का विकास | 34.96 |
| 52. | पंजाब | विरासत | आनंदपुर साहिब - फतेहगढ़ साहिब - | 85.32 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | परिपथ 2018-19 | चमकौर साहिब - फिरोजपुर - खटकर कलां - कलानौर - पटियाला का विकास | |
| 53. | राजस्थान | मरुस्थल परिपथ 2015-16 | सांभर लेक टाउन और अन्य स्थलों का विकास | 50.01 |
| 54. | राजस्थान | कृष्ण परिपथ 2016-17 | गोविंद देव जी मंदिर (जयपुर), खाटू श्याम जी (सीकर) और नाथद्वारा (राजसमंद) का विकास | 75.80 |
| 55. | राजस्थान | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | आध्यात्मिक परिपथ - 'चुरू (सालासर बालाजी) - जयपुर (श्री समोदके बालाजी, घाटके बालाजी, बंधेके बालाजी)- विराटनगर (बीजक, जैनसिया, अंबिका मंदिर)- भरतपुर (कमान क्षेत्र)-धौलपुर (मुचकुंड)- मेहंदीपुर बालाजी- चित्तौड़गढ़ (सांवलियाजी) का विकास | 87.05 |
| 56. | राजस्थान | विरासत परिपथ 2017-18 | विरासत परिपथ राजसमंद (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किले के अग्रभाग में प्रकाश व्यवस्था) - झालावाड़ (गगरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) - हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) - उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) - धौलपुर (बाग-ए-निलोफर और पुरानी छावनी) - नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनहरी कोठी) का विकास | 70.61 |
| 57. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | रंगपो (प्रवेश)- रोराथांग- अरितार- फादमचेन- नाथंग-शेराथांग- सोंगमो- गंगटोक-फोडोंग- मंगन- लाचुंग-युमथांग- लाचेन- थांगु-गुरुडोंगमेर- मंगन- गंगटोक- तुमिनलिंगी- सिंगतम (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | 98.05 |
| 58. | सिक्किम | उत्तर-पूर्वी परिपथ | सिंगतम - मका- टेमी-बेरमोइकटोकेल- फोंगिया- नामची-जोरथांग- ओखारे- सोम्बारिया-दारमदिन- जोरेथांग- मेल्ली | 95.32 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2016-17 | (निकास) को जोड़ने वाले पर्यटक परिपथ का विकास | |
| 59. | तमिलनाडु | तटीय परिपथ 2016-17 | (चेन्नई- मामल्लपुरम - रामेश्वरम - मानपाडु - कन्याकुमारी) का विकास | 73.13 |
| 60. | तेलंगाना | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 61. | तेलंगाना | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु-लकनावरम-मेदवरम-तडवई- दमारवी-मल्लूर-बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 |
| 62. | तेलंगाना | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुब शाही विरासत पार्क - पैगाह मकबरे-हयात बख्शी मस्जिद- रेमंड के मकबरा का विकास | 96.90 |
| 63. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2015-16 | अगरतला-सिपाहीजला-मेलाघर - उदयपुर-अमरपुर- तीर्थमुख- मंदिरघाट-डंबूर-नारिकेलकुंज-गंडाचरा-अंबासा का विकास | 82.85 |
| 64. | त्रिपुरा | उत्तर-पूर्वी परिपथ 2018-19 | सूरमाचेर्रा-उनाकोटी-जम्पुई हिल्स-गुनाबती-भुवनेश्वरी-नीरमहल- बॉक्सनगर-चोट्टाखोला-पिलक- अवांगचारा का विकास | 44.83 |
| 65. | उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 87.89 |
| 66. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 69.45 |
| 67. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 71.91 |
| 68. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात-बांदा- गाजीपुर- सलेमपुर- घोसी- बलिया-अम्बेडकर नगर- अलीगढ़- फतेहपुर-देवरिया- महोबा- सोनभद्र- चंदौली-मिश्रिख- भदोही का विकास | 67.51 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 69. | उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा)-मगहर धाम (संत कबीर नगर)- चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)- महुआर शहीद स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 36.65 |
| 70. | उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 127.21 |
| 71. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 12.03 |
| 72. | उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | 18.30 |
| 73. | उत्तराखंड | इको परिपथ 2015-16 | नए गंतव्य-जिला टिहरी के रूप में टिहरी झील और आसपास के क्षेत्र के विकास के लिए इको-टूरिज्म, एडवेंचर स्पोर्ट्स और संबद्ध पर्यटन संबंधी अवसंरचना का एकीकृत विकास | 69.17 |
| 74. | उत्तराखंड | विरासत परिपथ 2016-17 | कुमाऊं क्षेत्र -कटारमल-जोगेश्वर-बैजनाथ-देवीधुरा में विरासत परिपथ का एकीकृत विकास | 76.32 |
| 75. | पश्चिम बंगाल | तटीय परिपथ 2015-16 | तटीय परिपथ: उदयपुर- दीघा- शंकरपुर-ताजपुर- मंदारमणि- फ्रेजरगंज-बक्खलाई-हेनरी द्वीप का विकास | 67.99 |
| 76. | - | मार्गस्थ सुविधाएं 2018-19 | सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश और बिहार में वाराणसी-गया; कुशीनगर-गया- कुशीनगर में मार्गस्थ सुविधाओं का विकास | 15.07 |
| | | | **कुल** | **5287.90** |

**प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची: -**

(करोड़ रु. में)

| राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | क्र. सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1. | अमरावती में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास | 2017-18 | 43.08 |
| | 3. | सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड का विकास | 2020-21 | 37.88 |
| असम | 5. | कामाख्या मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2015-16 | 29.80 |
| बिहार | 6. | पटना साहिब में विकास | 2015-16 | 41.54 |
| | 7. | विष्णुपद मंदिर में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2014-15 | 3.63 |
| छत्तीसगढ़ | 8. | मां बमलेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 48.44 |
| गुजरात | 9. | द्वारका का विकास | 2016-17 | 13.08 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2016-17 | 45.36 |
| | 11. | सोमनाथ में सैरगाह का विकास | 2018-19 | 47.12 |
| | 12. | सोमनाथ गुजरात में कतार प्रबंधन परिसर सहित तीर्थयात्रा प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 |
| | 13. | अंबाजी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 50.00 |
| हरियाणा | 14. | माता मनसा देवी मंदिर और नाडा साहेब गुरुद्वारे का विकास | 2019-20 | 48.53 |
| जम्मू और कश्मीर | 15. | हजरतबल दरगाह में विकास | 2016-17 | 40.46 |
| झारखंड | 16. | बाबा बैद्यनाथ धाम का विकास | 2018-19 | 36.79 |
| कर्नाटक | 17. | श्री चामुंडेश्वरी देवी मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधाओं का विकास | 2023-24 | 45.71 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| केरल | 18. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 |
| | 20. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 |
| महाराष्ट्र | 21. | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 42.18 |
| मेघालय | 22. | नोंगस्वालिया चर्च, नर्तियांग शक्ति पीठ, ऐतनार पूल और चरणतला काली मंदिर में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 29.29 |
| मिजोरम | 23. | चिते वांग, जुआंगताई, रीक और आइजोल में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.89 |
| नागालैंड | 24. | मोलुंगकिमोंग, नोकसेन चर्च, ऐजुतो, वोखा और कोहिमा में तीर्थयात्रा के अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.20 |
| | 25. | जुन्हेबोटो में तीर्थयात्रा पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 |
| ओडिशा | 26. | पुरी में अवसंरचना का विकास | 2014-15 | 50.00 |
| पंजाब | 27. | अमृतसर में करुणा सागर वाल्मीकि स्थल का विकास | 2015-16 | 6.40 |
| | 28. | चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 |
| राजस्थान | 29. | पुष्कर/अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 |
| सिक्किम | 30. | फोर पेट्रन सेंट्स, युकसोम में तीर्थ सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 |
| तमिलनाडु | 31. | कांचीपुरम का विकास | 2016-17 | 13.99 |
| | 32. | वेलंकन्नी का विकास | 2016-17 | 4.86 |
| तेलंगाना | 33. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| | 35. | भद्राचलम में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| त्रिपुरा | 36. | त्रिपुरा सुंदरी मंदिर का विकास | 2020-21 | 37.80 |
| उत्तर प्रदेश | 37. | वाराणसी का विकास -चरण-I | 2015-16 | 18.73 |
| | 38. | मथुरा-वृंदावन का मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में विकास (चरण-II) | 2014-15 | 10.98 |
| | 39. | वाराणसी में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 9.02 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 40. | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 9.36 |
| | 41. | वाराणसी का विकास - चरण-II | 2017-18 | 44.60 |
| | 42. | गोवर्धन में अवसरंचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 37.59 |
| उत्तराखंड | 43. | केदारनाथ का एकीकृत विकास | 2015-16 | 34.77 |
| | 44. | बदरीनाथ जी धाम में तीर्थ सुविधा के लिए अवसरंचना का विकास | 2018-19 | 56.15 |
| | 45. | गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थ बुनियादी सुविधाओं का विस्तार | 2021-22 | 54.36 |
| पश्चिम बंगाल | 46. | बेलूर मठ का विकास | 2016-17 | 30.03 |
| | | **कुल** | | **1621.14** |

*****